निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

20 भाद्र 1942 (श0)

(सं0 पटना 559) पटना, शुक्रवार, 11 सितम्बर 2020

वाणिज्य-कर विभाग

अधिसूचना

11 सितम्बर 2020

एस. ओ. 164, दिनांक 11 सितम्बर 2020—बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 (बिहार अधिनियम 04, 2018) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, यथा :–

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और आरंभ** ।– (1) यह नियमावली बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 2020 कही जा सकेगी।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषाएँ** :– इस नियमावली में, जब तक कोई बात विषय या संदर्भ के विरूद्ध न हो :–

(क) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत है बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018;

(ख) **''निर्धारिती ''** से अभिप्रेत है अनुज्ञप्तिधारी अथवा कोई अन्य व्यक्ति जो अधिनियम के अधीन शुल्क भुगतान का दायी हो, और इसमें अधिनियम की धारा 12,13,14 एवं 15 में निर्दिष्ट ''व्यौहारी'' भी शामिल है;

(ग) **''निर्धारण अधिकारी''** में अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन कोई अधिकारी सम्मिलित है ;

(घ) **''अंचल''** से अभिप्रेत है बिहार राज्य के तत्समय प्रवृत्त वाणिज्य कर कानून या माल और सेवा कर कानून के अधीन सृजित वाणिज्य कर प्रशासन की कोई इकाई ;

(ड.) **''शुल्क''** से अभिप्रेत है बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अधीन भुगतेय विद्युत शुल्क; और उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण में या धारा 14 के परन्तुक में ''कर'' का कोई संदर्भ ''शुल्क'' का संदर्भ माना जाएगा;

(च) **'' प्रपत्र ''** से अभिप्रेत है इस नियमावली से उपाबद्ध कोई प्रपत्र ;

(छ) **''सरकारी कोषागार''**, किसी निर्धारिती के संबंध में, से अभिप्रेत है नियम 4 के अधीन उसको दिए गए रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में विनिर्दिष्ट कोषागार अथवा उप–कोषागार ;

(ज) **''निरीक्षी प्राधिकारी''** में अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन कोई अधिकारी सम्मिलित है ;

(झ) **''मीटर''** से अभिप्रेत है उपभुक्त उर्जा की मात्रा मापने के लिए प्रयुक्त कोई उपकरण या यंत्र;

(ञ) **''धारा''** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा ।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किंतु अपरिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम अथवा भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 तथा उसके अधीन बनी नियमावली में उनके प्रति समनुदेशित किए गए हों।

3. **रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन** :–

(1) अधिनियम की धारा 6 के प्रावधानों के अनुसार शुल्क का भुगतान करने के लिए दायी प्रत्येक व्यक्ति को यहाँ दिए गए तरीके से रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र दिया जाएगा।

स्पष्टीकरण – इस उप–नियम के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति ''व्यक्ति'' में वह व्यक्ति शामिल नहीं होगा, जो इन नियमों के प्रकाशन की तिथि को, बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 1949 के अध्याय II के प्रावधानों के अनुसार रजिस्ट्रीकृत था।

(2) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 1949 के नियम 4 के तहत दिए गए रजिस्ट्रीकरण का वैध प्रमाण–पत्र रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति, इन नियमों के प्रकाशन की तारीख को रजिस्ट्रीकृत माना जाएगा।

(3)(क) धारा 6 के प्रावधानों के अनुसार शुल्क का भुगतान करने के लिए दायी प्रत्येक व्यक्ति, उस व्यक्ति से भिन्न जिसपर उप–नियम (2) लागू होता है, रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए आवेदन करेगा और ऐसा प्रत्येक आवेदन वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना की आधिकारिक वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से दायर किया जाएगा।

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्रपत्र–I में होगा और उस अंचल के प्रभारी अधिकारी को जिसके क्षेत्राधिकार में निर्धारिती के कारबार का स्थान अवस्थित हो, अधिनियम के अधीन शुल्क भुगतान हेतु उपगत होने वाले अपने दायित्व के तीस दिनों के भीतर अथवा राजपत्र में इस नियमावली के प्रकाशन की तिथि अथवा ऊर्जा उत्पादन या आपूर्ति के कारबार में लगने की तिथि अथवा ऐसे निर्धारिती द्वारा ऊर्जा उत्पादन करने या उपभोग करने की तिथि, जो भी बाद में हो, से तीस दिनों के भीतर दाखिल किया जाएगा।

(4) रजिस्ट्रीकरण के आवेदन के निष्पादन के सम्बंध में बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के प्रावधान, उप–नियम (3) के तहत किए गए आवेदन के लिए यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगें।

4. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देना** :–

(1) जब अंचल के प्रभारी अधिकारी का समाधान, ऐसी जाँच करने के बाद जैसा कि वह आवश्यक समझे, हो जाय कि आवेदक ने सभी अपेक्षित जानकारी दे दी है और कि आवेदन व्यवस्थित रूप में है तो वह आवेदक को रजिस्ट्रीकृत कर लेगा और आवेदन की प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर आवेदक को प्रपत्र–II में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करेगा जिसे वाणिज्य कर विभाग के विभागीय वेबसाइट पर आवेदक को उपलब्ध करा दिया जाएगा। जहाँ, आवेदन प्राप्ति की तिथि से तीन दिनों के भीतर, रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुमोदित न किया गया हो अथवा नामंजूर नहीं किया गया हो, तो रजिस्ट्रीकरण मंजूरी के लिए आवेदन अनुमोदित समझा जाएगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के सम्बंध में बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के अन्य प्रावधान, उप–नियम (1) के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगें।

5. **रजिस्ट्रीकरण का संशोधन एवं रद्दीकरण** :–

(1) यदि कोई निर्धारिती –

(क) ऊर्जा उत्पादन या वितरण जारी नहीं रखता है; या

(ख) एक नया प्लांट प्रतिष्ठापित करता है या वर्तमान प्लांट का कोई विस्तार, जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना हो; या

(ग) अपने कारबार के किसी भाग का विक्रय करता है या अन्यथा निपटाता है अथवा कारबार के स्वामित्व, नाम या अधिनाम में कोई परिवर्तन करता है तो वह अथवा यदि उसकी मृत्यु हो गई हो, उसका विधिक प्रतिनिधि, ऐसे जारी न रहने, प्रतिष्ठापन, विस्तार, विक्रय या परिवर्तन से तीस दिनों की अवधि के भीतर इस प्रभाव का एक प्रतिवेदन नियम 3 में निर्देशित प्राधिकार को समर्पित करेगा।

(2) (क) जहाँ उप नियम (1) के अन्तर्गत प्राप्त विवरण या अन्यथा प्राप्त सूचना के कारण, निर्धारिती द्वारा प्रपत्र–I में दिए गए सूचना में संशोधन आवश्यक हो जाता है, नियम 3 में निर्देशित प्राधिकार, ऐसी जाँच करने के बाद जिसे वह उपयुक्त समझे, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में संशोधन कर देगा और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र में संशोधन के संबंध में बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के प्रावधान ऐसे संशोधन के लिए यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगें।

(ख) जब नियम–3 में निर्देशित प्राधिकार किसी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र के रद्दीकरण के लिए कोई आवेदन प्राप्त करता है अथवा उसका अन्यथा समाधान हो जाता है कि किसी निर्धारिती का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र रद्द किया जाना चाहिए तो वह ऐसी जाँच करने के बाद जिसे वह उपयुक्त समझे, और निर्धारिती द्वारा उसपर बकाया शुल्क के भुगतान पर, आदेश द्वारा, आदेश में विनिर्दिष्ट तिथि के प्रभाव से प्रमाण पत्र रद्द कर देगा और रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के रद्दीकरण के संबंध में बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के प्रावधान ऐसे रद्दीकरण के लिए यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगें।

6. **शुल्क का भुगतान** :– प्रत्येक निर्धारिती, प्रत्येक माह के संबंध में, उसपर बकाए शुल्क की पूर्ण राशि का भुगतान, आगामी माह के पंद्रहवी तिथि को या उसके पूर्व, कर देगा।

7. **भुगतान की पद्धति** :– अधिनियम के अधीन किसी शुल्क या ब्याज या शास्ति या फीस का भुगतान बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के नियम 27 में निर्दिष्ट रीति से चालान प्रपत्र–III द्वारा किया जायेगा।

8. **वसूली का विशेष ढंग** :– अधिनियम के अधीन नियुक्त प्राधिकार धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन किसी कार्यवाही के मामले में किसी व्यक्ति या किसी रजिस्ट्रीकृत अनुज्ञप्तिधारी को प्रपत्र –IV में एक नोटिस तामील करेगा।

9. **रिटर्न–जमा करना** :–

(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत निर्धारिती प्रत्येक कैलेंडर माह के लिये नियम 3 में निर्देशित प्राधिकार को प्रपत्र–V में एक रिटर्न उस माह की समाप्ति से, जिस माह से रिटर्न का संबंध हो, छब्बीस दिनों के भीतर वाणिज्य कर विभाग के अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रीति से समर्पित करेगा। रिटर्न उसमें इंगित रीति से सत्यापित किया जाएगा और निर्धारिती अथवा उसके प्राधिकृत अभिकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। जब एक निर्धारिती एक से अधिक लाईसेंस रखता है तो प्रत्येक लाईसेंस के संबंध में अलग–अलग रिटर्न जमा किये जाएंगे।

(2) उपनियम (1) के अधीन रिटर्न प्रस्तुत करने के पश्चात् निर्धारिती यदि इसमें कोई लोप या गलत कथन पाता है तो वह उस वर्ष जिससे ऐसा रिटर्न संबंधित हो, के ठीक बाद वाले वर्ष के 31 दिसम्बर के पूर्व किसी भी समय प्रपत्र–Vक में संशोधित मासिक रिटर्न दे सकेगाः

परंतु ऐसा कोई भी रिटर्न विचारण में नहीं लिया जाएगा यदि नियम 3 में निर्देशित प्राधिकार द्वारा सूचना मिलने पर या अन्यथा और लिखित रूप में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, उक्त प्राधिकार का समाधान हो जाता है कि मूल रूप से उपलब्ध कराया गया रिटर्न जानबूझकर मिथ्या था अथवा वह राज्य सरकार के राजस्व की अपवंचना के आशय से दिया गया था।

(3) उपनियम (1) में किसी बात के अंतर्विष्ट रहते हुए भी, जहाँ निर्धारिती एक से अधिक अंचल में रजिस्ट्रीकृत हो, वहाँ आयुक्त, लिखित आदेश द्वारा यह निर्देश दे सकेगा कि ऐसा निर्धारिती प्रत्येक ऐसे अंचल के संबंध में प्रपत्र–V में पृथक रिटर्न दाखिल करने के बदले, अधिनियम के अधीन नियुक्त ऐसे प्राधिकार को, जो आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाय, एक ही उपलब्ध कराएगा और इसी प्रकार उस आदेश को परिवर्तित, उपांतरित अथवा बातिल कर सकेगा।

(4) ऐसा निर्धारिती जिसके संबंध में उपनियम (3) के अधीन कोई आदेश पारित किया गया हो, अधिनियम या इस नियमावली के प्रयोजनार्थ उस अंचल का, जिसमें उपनियम (3) के तहत रिटर्न दाखिल करने की अनुज्ञा दी गई हो, एक निर्धारिती होना समझा जाएगा।

10. **रिबेट** ।– कोई निर्धारिती, जो रिटर्न दाखिल करता है और उस रिटर्न के अनुसार भुगतेय शुल्क की राशि का भुगतान विहित समय के भीतर विहित रीति से करता है, उसे वर्ष में, भुगतेय शुल्क की राशि पर आधा प्रतिशत की दर से, रूपये पचास हजार की सीमा तक, रिबेट स्वीकृत किया जाएगा और निर्धारिती भुगतान करते समय अपने द्वारा भुगतेय शुल्क की राशि से इस नियम के अधीन अनुमान्य रिबेट की राशि की कटौती कर सकेगा।

11. **निर्धारण** :–

(1) निर्धारिती की उपस्थिति अथवा उसके द्वारा किसी साक्ष्य के उपस्थापन के बिना यदि निर्धारण अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी अवधि के संबंध में दाखिल किया गया रिटर्न शुद्ध और पूर्ण है तो वह ऐसे रिटर्न के आधार पर निर्धारिती से बकाए शुल्क की राशि का निर्धारण कर देगा।

(2) यदि निर्धारण अधिकारी का समाधान निर्धारिती की उपस्थिति या साक्ष्य के उपस्थापन के बिना नहीं होता है कि किसी अवधि के संबंध में दाखिल किया गया रिटर्न शुद्ध या पूर्ण है तो वह ऐसे निर्धारिती पर प्रपत्र–VI में एक नोटिस, उसमें विनिर्दिष्ट तिथि एवं स्थान पर या तो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने या रिटर्न के समर्थन में कोई साक्ष्य जिसपर वह निर्भर करता है, उपस्थापित करने या करवाने हेतु तामील करेगा।

(3) नोटिस में विनिर्दिष्ट तिथि को अथवा उसके बाद यथाशीघ्र, जैसा हो, निर्धारिती द्वारा उपस्थापित साक्ष्य एवं ऐसे अन्य साक्ष्य, जिसे निर्धारण अधिकारी किसी विनिर्दिष्ट बिंदु या बिन्दुओं पर अपेक्षा करे, की सुनवाई के बाद निर्धारिती से बकाए शुल्क की राशि, यदि कोई हो, का निर्धारण करेगा।

(4) यदि निर्धारिती कोई रिटर्न देने में विफल रहता है अथवा उपनियम (2) के अधीन निर्गत नोटिस की सभी शर्तों को दिए गए रिटर्न में पूरा करने में अथवा उपनियम (3) के अधीन साक्ष्य उपस्थापित करने में विफल रहता है तो निर्धारण अधिकारी, निर्धारिती को सुनवाई का युक्ति युक्त अवसर देने के बाद, अपने सर्वोतम विवेक के अनुसार निर्धारिती से बकाया शुल्क की राशि का, यदि कोई हो, निर्धारण करेगा।

12. **मांग की सूचना** ।– यदि अधिनियम के प्रावधानों के अधीन किसी निर्धारिती द्वारा कोई राशि भुगतेय हो तो, निर्धारण अधिकारी ऐसे निर्धारिती को उक्त राशि का भुगतान करने के लिये प्रपत्र–VII में एक नोटिस तामील करेगा और ऐसी राशि के लिये उसके द्वारा किये गये किसी भुगतान के साक्ष्य में चालान की एक प्रति उक्त नोटिस में निर्दिष्ट तिथि पर या उससे पहले प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगा। यह नोटिस निर्धारिती द्वारा अधिकाई भुगतान की दशा में भी तामील किया जाएगा।

13. **अपील ज्ञापन तथा पुनरीक्षण के लिए आवेदन** ।–

(1) शास्ति के साथ या बिना शास्ति के निर्धारण आदेश के विरूद्ध अपील बिहार माल और सेवा कर नियमावली, 2017 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट अपीलीय प्राधिकार के समक्ष संस्थित होगा। प्रत्येक अपील प्रपत्र–VIII में और पुनरीक्षण के लिए आवेदन प्रपत्र–IX में होगा और निम्नलिखित के साथ होगा :–

(क) अपीलार्थी/आवेदक का नाम, पता और ई–मेल पता ;

(ख) उस आदेश की तिथि जिस आदेश के विरूद्ध यह किया गया है ;

(ग) वह तिथि जिस तिथि को अपीलार्थी/आवेदक को आदेश संसूचित किया गया था ;

(घ) स्पष्ट तथ्य विवरणी अंतर्विष्ट रहेगी ;

(ड.) बिना किसी तर्क या विवरण के उन आधारों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा जिस पर अपील या पुनरीक्षण आवेदन दायर किया गया हो और क्रमिक रूप से संख्यांकित किया जाएगा;

(च) जिस राहत के लिए प्रार्थना की गई है, उसका संक्षिप्त विवरण ; और

(छ) अपीलार्थी या आवेदक या इस निमित्त इसके द्वारा लिखित रूप में सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी अभिकर्त्ता द्वारा निम्नलिखित प्रपत्र हस्ताक्षरित एवं सत्यापित किया जाएगा, यथा–

मैं ..... उपर्युक्त अपील ज्ञापन/पुनरीक्षण के लिए आवेदन में नामांकित अपीलार्थी/ आवेदक एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि इसमें जो कुछ भी अधिकथित है मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

(2) अपील ज्ञापन या पुनरीक्षण आवेदन, यथास्थिति, के साथ निम्नलिखित संलग्न किए जाएंगे :–

(i) आक्षेपित आदेश की एक प्रमाणित प्रति; और

(ii) धारा 11 की उपधारा (1) के प्रावधानों के अनुसार शुल्क राशि के भुगतान के साक्ष्य के रूप में प्रपत्र–III में चालान की एक प्रति।

(3) अपील ज्ञापन दो प्रतियों में होगा और अपीलीय अथवा पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष हाथ से अथवा रजिस्ट्रीकृत डाक से प्रस्तुत किया जाएगा।

14. **अपील अथवा पुनरीक्षण आवेदन का निपटारा** :–

(1) अपील ज्ञापन अथवा पुनरीक्षण आवेदन में नियम 13 की सभी अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया जाता है तो अपील प्राधिकार उसे सरसरी तौर पर नामंजूर कर सकेगाः

परंतु कोई अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन इस उपनियम के अधीन सरसरी तौर पर तब तक नामंजूर नहीं किया जाएगा जब तक कि अपीलार्थी या आवेदक को अपील ज्ञापन या आवेदन को नियम 13 की सभी अपेक्षाओं के अनुरूप लाने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

(2) अपील या पुनरीक्षण हेतु कोई आवेदन अपीलार्थी या आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद अन्य समुचित आधार पर सरसरी तौर पर रद्द किया जा सकेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकार अथवा पुनरीक्षण प्राधिकार, यथास्थिति, अपील या पुनरीक्षण के प्रस्तुतीकरण की तिथि से सामान्यतः तीस दिनों के भीतर आक्षेपित आदेश और/अथवा उस आदेश से संबंधित अभिलेखों की उचित जाँच करने के बाद, या तो स्वीकार अथवा नामंजूर कर सकेगाः

परंतु, यथास्थिति, अपील या पुनरीक्षण नामंजूर करने वाला कोई आदेश, अपीलार्थी या आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए बिना पारित नहीं किया जाएगा।

(4)(क) यदि अपीलार्थी या आवेदक उस आदेश जिसके विरूद्ध, यथास्थिति, अपील की गई हो अथवा पुनरीक्षण आवेदन दिया गया हो, से उत्पन्न विवादित शुल्क राशि, शास्ति अथवा ब्याज की वसूली के स्थगन के लिए प्रार्थना करने का इरादा करे तो वह अन्य बातों के साथ स्थगित की जानेवाली शुल्क, शास्ति अथवा ब्याज की वास्तविक राशि से संबंधित तथ्यों के सार, और विवादित शुल्क, शास्ति या ब्याज की वास्तविक राशि उक्त आदेश के पहले और बाद शुल्क का भुगतान और स्थगन की मांग के लिए संक्षेप में मामले का इतिहास अंतर्विष्ट करते हुए स्थगन अर्जी दायर करेगा और नियम 13 के अधीन स्थगन अर्जी अपील ज्ञापन या पुनरीक्षण के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत की जाएगी किंतु किसी भी दशा में उस अपील या उस पुनरीक्षण दायर करने की तिथि से पंद्रह दिनों की अवधि के बाद दायर नहीं की जाएगी।

(ख) जहाँ स्थगन अर्जी, यथास्थिति, अपीलीय प्राधिकार अथवा पुनरीक्षण प्राधिकार के समक्ष, अपील ज्ञापन या पुनरीक्षण के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई हो तथा ऐसी अपील या पुनरीक्षण ग्रहण कर लिया गया हो, वहाँ वह अपीलार्थी या आवेदक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद, ऐसी स्थगन अर्जी को, ऐसी अर्जी के प्रस्तुतीकरण की तिथि से एक माह के भीतर निपटाव करेगा।

(ग) यथास्थिति, अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकार, स्वविवेक से लिखित आदेश द्वारा विवादित शुल्क, शास्ति या ब्याज की वसूली को अंशतः या पूर्णतः, ऐसी शर्तों पर, जैसी वह मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में उपयुक्त और उचित समझे, स्थगित कर सकेगा।

(घ) यदि शुल्क, शास्ति या ब्याज की राशि की वसूली अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा, यथास्थिति, ऐसे शुल्क, शास्ति या ब्याज की राशि के भुगतान अथवा खंड (ग) में निर्देशित आदेश में विनिर्दिष्ट विवादित शुल्क, शास्ति या ब्याज की राशि के भुगतान की सुरक्षा के लिए प्रतिभूति देने के अध्यधीन स्थगित की गई हो तो अपीलार्थी या आवेदक उस आदेश में विनिर्दिष्ट तिथि तक उस शुल्क, शास्ति या ब्याज की राशि का भुगतान करेगा अथवा वह प्रतिभूति देगा।

(ड.) जहाँ कोई अपीलार्थी या आवेदक खंड (ग) में निर्दिष्ट आदेशानुसार उसमें विनिर्दिष्ट तारीख तक अथवा ऐसी अन्य तारीख तक जिसकी अनुमति अपील या पुनरीक्षण प्राधिकार द्वारा दी जाए, विवादित शुल्क, शास्ति या ब्याज की किसी राशि का भुगतान अथवा प्रतिभूति प्रस्तुत करने में विफल होता है तो, यथास्थिति, शुल्क, शास्ति अथवा ब्याज के रकम की वसूली स्थगित करनेवाला ऐसा आदेश, यथास्थिति, आदेश में विनिर्दिष्ट तिथि को या अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकार द्वारा यथास्वीकृत अन्य तिथि की समाप्ति के बाद स्वतः रद्द हो जाएगा।

(5) जहाँ अपील या पुनरीक्षण आवेदन मेरिट पर सुनवाई के लिए स्वीकार किया गया हो वहाँ अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकार, संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद, यथास्थिति, अपील या पुनरीक्षण आवेदन पर अंतिम आदेश पारित करने की तिथि नियत करेगा यदि सुनवाई की तिथि को आदेश पारित नहीं किया गया हो।

15. **आयुक्त द्वारा पुनरीक्षण** :– धारा 13 के प्रयोजननार्थ, आयुक्त प्रपत्र–X में नोटिस देकर किसी निर्धारिती से यथोचित कागजात, लेखा या अन्य साक्ष्य, जिसे वह उपयुक्त समझे, अपने समक्ष प्रस्तुत करने अथवा प्रस्तुत कराने की अपेक्षा कर सकेगा।

16. **पुनर्विलोकन** :–

(1) अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई प्राधिकार जब अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश का धारा 14 के अधीन पुनर्विलोकन करता है तो वह ऐसा वैसा करने के कारणों को अभिलिखित करेगा।

(2) आयुक्त अथवा इस निमित्त उसके द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत कोई प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय, आयुक्त से भिन्न, अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई प्राधिकारी, उस आदेश के जिसके पुनर्विलोकन की मांग की गई हो, पारित होने की तिथि से चौबीस माह के समाप्ति के पूर्व के सिवाय, किसी ऐसे आदेश का पुनर्विलोकन नहीं करेगा।

(3) आयुक्त अथवा इस निमित्त उसके द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत किसी प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय, आयुक्त से भिन्न, अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई प्राधिकारी किसी आदेश का, जिसे कार्यालय में उसके पूर्वाधिकारी द्वारा पारित किया गया हो, पुनर्विलोकन नहीं करेगा।

17. **प्रतिदाय** :–

(1) यदि निर्धारिती द्वारा अंतिम रूप से अभिनिर्धारित भुगतेय राशि से अधिक का भुगतान किया गया हो और जिसके संबंध में नियम 12 के अधीन उस पर अधिकाई का नोटिस तामील किया गया हो, तो वह उस राशि के प्रतिदाय के लिए आवेदन, उक्त नोटिस के तामीला की तिथि से बारह माह के भीतर, संबंधित अंचल प्रभारी के समक्ष दाखिल करेगा।

(2) अंचल का प्रभारी अधिकारी 25,000/- रूपये तक की राशि का प्रतिदाय करने के लिए तथा संबंधित प्रमंडल का राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) 25,000/- रूपये से अधिक राशि के प्रतिदाय के लिए सक्षम प्राधिकार होगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन प्रतिदाय करने के लिए सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित आदेश कर सकेगा :–

(क) किसी अन्य अवधि के लिए निर्धारिती द्वारा भुगतेय किसी राशि के विरूद्ध समायोजन के द्वारा प्रतिदाय के लिए आदेश ;

(ख) यदि कोई राशि निर्धारिती द्वारा भुगतेय न हो तो नकद प्रतिदाय के लिए आदेश।

(4) समायोजन द्वारा प्रतिदाय या नगद प्रतिदाय के लिए कोई आदेश प्रपत्र XI में होगा और निर्धारिती अथवा उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को प्रदान किया जाएगा तथा प्रतिदाय भुगतान आदेश की एक प्रति संबंधित कोषागार को भी तत्समय अग्रसारित की जाएगी।

18. **परिसरों में प्रवेश करने तथा कागजात जब्त करने की शक्ति** ।– कोई भी निरीक्षी प्राधिकारी, अधिनियम या इस नियमावली के प्रयोजनों के क्रियान्वयन के लिए, अपने क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमा के भीतर –

(क) किसी परिसर में प्रवेश कर सकेगा जिसका उपयोग ऊर्जा उत्पादन या ऊर्जा वितरण के लिए किया जाता हो, या जहां मीटर, अन्य मशीन साधित्र या यंत्र या ऊर्जा उत्पादन, वितरण, विक्रय या उपभोग से संबंधित कोई लिखित अभिलेख, रजिस्टर या लेखा रखा गया हो और उस परिसर के प्रभारी व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि निरीक्षी प्राधिकारी को उसके कर्त्तव्यों के निर्वहन में सुविधा प्रदान करे।

(ख) किसी निर्धारिती से ऊर्जा उत्पादन, वितरण, विक्रय या उपभोग से संगत किसी उपकरण, यंत्र, लेखा या दस्तावेज को उसके समक्ष उपस्थापित करने या करवाने की मांग या अपेक्षा कर सकेगा।

(ग) निर्धारिती के किसी उपकरण, यंत्र, लेखा, रजिस्टर या दस्तावेजों या अन्य अभिलेखों को जब्त कर सकेगा यदि यह विश्वास करने का पर्याप्त कारण हो कि कोई निर्धारिती अधिनियम के अधीन अपने द्वारा भुगतेय किसी शुल्क के भुगतान का अपवंचन करने हेतु प्रयास कर रहा है :

परंतु जब कभी कोई उपकरण, यंत्र, लेखा, रजिस्टर, दस्तावेज या अभिलेख जब्त किया जाय, निर्धारिती को उसके लिये एक रसीद दी जाएगी तथा जब्त उपकरण, यंत्र, लेखा, रजिस्टर, दस्तावेज या अभिलेख केवल तब तक रखे जाएंगे जब तक उसके परीक्षण या किसी अभियोजन के प्रयोजनार्थ वह आवश्यक समझा जाए।

(घ) उर्जा उत्पादन, वितरण, विक्रय या उपभोग दर्शाने वाले रजिस्टर एवं लेखा–पुस्त के उचित संधारण के लिए निर्धारिती को, समय–समय पर, अनुदेश निर्गत कर सकेगा और निर्धारिती का कर्त्तव्य होगा कि वह उन सभी अनुदेशों का क्रियान्वयन करे।

19. **मीटर पठन** ।– ऊर्जा के संबंध में अधिनियम के अधीन शुल्क का दायी कोई अनुज्ञप्तिधारी यथासंभव प्रत्येक उपभोक्ता का मीटर प्रत्येक माह में एक ही तिथि को पढ़वाएगा और माह में उपभुक्त उर्जा की इकाई का अभिलेख संधारित करेगा। ऐसे आनुक्रमिक पठन के बीच की अवधि की गणना शुल्क संगणन और नियम–9 के अधीन रिटर्न दाखिल करने के उद्देश्य से एक माह के रूप में की जाएगी।

20. **मीटर का प्रावधान** ।– प्रत्येक निर्धारिती अपने द्वारा उत्पादित, वितरित, बिक्री की गई अथवा उपभुक्त ऊर्जा की मात्रा पंजीकरण करने के लिए पृथक, सुयोग्य और शुद्ध मीटर या सब–मीटर प्रतिष्ठापित और संधारित करेगा और इसी प्रकार उपभोक्ताओं के परिसर में ऐसे उपभोक्ताओं द्वारा उपभुक्त ऊर्जा की मात्रा के सही पंजीकरण के लिए मीटर प्रतिष्ठापित और संधारित करवाएगा :

परंतु जहाँ ऊर्जा की मात्रा को पंजीकृत करने के लिए एक संयुक्त मीटर हो, जिसका एक भाग किसी भी दर पर या विभिन्न दरों पर शुल्क योग्य हो और कोई भाग छूट–प्राप्त हो, वहाँ अनुज्ञप्तिधारी उपभोक्ताओं के विभिन्न प्रकार की खपत की मात्रा के पृथकरूप से पंजीकरण के लिए पृथक मीटर प्रतिष्ठापित करवायेगाः

परंतु यह और कि कोई निर्धारिती निरीक्षी प्राधिकारी का समाधान कर देता है कि ऐसे पृथक मीटरों या सब–मीटरों का प्रतिष्ठापन या संधारण उससे उद्ग्रहण योग्य शुल्क की राशि के अप्रत्यानुपातिक खर्च अंतर्ग्रस्त करते हैं, और निरीक्षी प्राधिकारी को ऐसा डाटा उपलब्ध कराता है जो निरीक्षी प्राधिकारी की राय में उक्त शुल्क के निर्धारण के लिए आवश्यक हो तो वह भुगतेय शुल्क निर्धारित कर सकेगा और ऐसे निर्धारिती को इस नियम की अपेक्षा से छूट दे सकेगा। इस परंतुक के अधीन छूट प्राप्त निर्धारिती निरीक्षी पदाधिकारी को तीस दिनों के भीतर डाटा में किसी परिवर्त्तन को संसूचित करेगा जिसके आधार पर उसके द्वारा भुगतेय शुल्क का निर्धारण किया गया था।

21. **सील करना** ।– निरीक्षी प्राधिकारी या इस निमित्त उसके द्वारा प्रतिनियुक्त कोई अन्य व्यक्ति, अनुज्ञप्तिधारी से अन्यथा किसी व्यक्ति द्वारा, जो अपने स्वयं या अपने कर्मचारी के उपभोग के लिए उर्जा उत्पादित करता है, नियम–21 के प्रयोजनार्थ प्रतिष्ठापित किसी मीटर या सब–मीटर पर एक या अधिक मुहर या मुहरों को चिपका सकेगा।

22. **लेखा–पुस्त** ।– अधिनियम की धारा–7 के अधीन अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रपत्र XII में लेखा पुस्त रखे जाएंगे और उनमे निम्नलिखित विशिष्टियॉ अंतर्विष्ट होगी, यथा–

(क) उससे तथा अन्य लोगों से संबंधित विद्युत की इकाईयों की संख्या यदि अधिनियम की धारा–3 के अधीन अधिसूचना में विनिर्दिष्ट उपभोक्तओं के विभिन्न वर्गों के लिए यदि कोई विद्युत की आपूर्त्ति की जाती हो;

(ख) उन परिसरों का विवरण जिन्हें विद्युत की आपूर्ति की जाती हो;

(ग) उपभोक्ताओं के विभिन्न वर्गो के संबंध में असंग्रहित और संग्रहित चार्ज की दर के साथ और अलग से नहीं दर्शाए गए विद्युत शुल्क की राशि, और

(घ) विद्युत शुल्क के भुगतान में विफलता पर विद्युत आपूर्त्ति असंबद्ध करने की तिथि :

परंतु यह कि अनुज्ञप्तिधारी उपरोक्त खंड (ख) में विनिर्दिष्ट का एक पृथक विवरण निरीक्षी प्राधिकारी के समाधान के लिए प्रस्तुत कर सकेगा।

(2) धारा–7 के अधीन गैर–अनुज्ञप्तिधारी द्वारा लेखापुस्त का संधारण प्रपत्र XIII में किए जाएंगे और उनमें निम्नलिखित विशिष्टियॉ अंतर्विष्ट होगी यथा–

(i) विद्युत उत्पादन का स्थान तथा उत्पादित विद्युत की कुल यूनिट

(ii) सहायी उपभोग के लिए उपभोगित विद्युत यूनिट की संख्या तथा उसपर भुगतेय शुल्क ;

(iii) उसके द्वारा अन्य को आपूर्ति किये गये विद्युत यूनिट की संख्या;–

(क) अनुज्ञप्तिधारियों के ग्रिड के माध्यम से;

(ख) डेडिकेटेड ट्रांसमिशन लाईन के माध्यम से; और

उस पर भुगतेय शुल्क और वसूल की गई राशि।

(3) अधिनियम की धारा–7 के अधीन किसी अनुज्ञप्तिधारी या गैर–अनुज्ञप्तिधारी द्वारा रखे जाने वाले लेखा–पुस्तों को उस वर्ष, जिससे वे संबंधित हैं, की समाप्ति से पाँच वर्ष से अन्यून की अवधि तक, या उस वर्ष के लिए निर्धारण, अपील या पुनरीक्षण पूरा हो जाने के पश्चात् दो वर्ष की अवधि के लिए, जो भी बाद में हो, संरक्षित रखा जायेगा।

23. **बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के कतिपय नियमों का लागू होना** ।– अधिनियम के प्रयोजनों के क्रियान्वयन के लिए ऐसी सभी प्रक्रिया तथा आनुषंगिक मामले जिनके लिए इस नियमावली में कोई उपबंध नहीं किया गया हो अथवा अपर्याप्त उपबंध किए गए हों, जैसा भी मामला हो, के संबंध में बिहार मूल्य वर्द्धित कर नियमावली, 2005 के सुसंगत नियम या उनके उपबंध, यथा आवश्यक परिवर्तन सहित, लागू होंगे।

24. **सजा ।**– इस नियमावली के किसी प्रावधान का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति उस जुर्माने से, जिसे पॉच हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकेगा, दंडनीय होगा।

25. **मैनुअल फाईलिंग प्रोसेसिंग ।**– किसी विहित रीति या प्रक्रिया के संबंध में इस नियमावली में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी किसी आवेदन, सूचना, जबाब, घोषणा, विवरण की ''इलेक्ट्रॉनिक फाईलिंग'' या नोटिस, आदेश या प्रमाण–पत्र के ''इलेक्ट्रॉनिक निर्गमन'' के किसी संदर्भ में उस रीति एवं प्रक्रिया के संबंध में उक्त आवेदन, सूचना, जबाब, घोषणा, विवरण या उक्त नोटिस, आदेश या इस नियमावली से संलग्न ऐसे प्रपत्रों में प्रमाण–पत्र के निर्गमन की ''मैनुअल फॉईलिंग'' भी सम्मिलित है।

प्रपत्र–I

रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन।

(नियम 3 देंखे)

सेवा में,

.....

.....(अंचल)

मैं..... (पूरा नाम), पिता–..... (पूरा नाम), एतद् द्वारा बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 2020 के नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र देने का आवेदन करता हूँ और इस प्रयोजनार्थ निम्नलिखित विशिष्टियॉ उपलब्ध कराता हूँ :–

1. **व्यवसायी / निर्धारिती / अनुज्ञप्तिधारी का विवरण**		
(क)	आवेदक का नाम	
(ख)	आवेदक के पिता का नाम	
(ग)	ई0मेल आई0 डी0	
(घ)	मोबाईल संख्या	
(ड.)	स्थायी लेखा संख्या (पैन)	
2.	व्यवसाय का नाम (व्यवसायी / निर्धारिती / अनुज्ञप्तिधारी)	
3.	व्यवसाय की विधिक प्रास्थिति (स्वत्व / भागीदारी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी / एच0यू0 एफ / व्यष्टिसंगम / अन्य)	
4.(क)	प्रभारी का नाम	
(ख)	प्रभारी का पदनाम	
5.	व्यवसाय की प्रकृति (उत्पादन / वितरण / उपभोग या इनमे से कोई एक)	
6.	विद्युत शुल्क भुगतान के दायित्व की तिथि	
7.	उत्पादन प्लांट का स्थान	
(क)	कमरा / ब्लॉक / फ्लैट संख्या	
(ख)	भवन का नाम	
(ग)	नगर पालिका	
(घ)	गली का नाम	
(ड.)	क्षेत्र / स्थान	
(च)	ग्राम / शहर / नगर / प्रखंड	
(छ)	जिला	
(ज)	राज्य	
(झ)	पिन कोड	

(ञ)	ई–मेल आई0 डी0	
(ट)	फोन संख्या	
(ठ)	फैक्स संख्या	
8.	कैप्टिभ पावर प्लांट का स्थान	
(क)	भवन का नाम	
(ख)	नगर पालिका	
(ग)	गली का नाम	
(घ)	क्षेत्र /स्थान	
(ड.)	ग्राम/शहर/नगर/प्रखंड	
(च)	जिला	
(छ)	राज्य	
(ज)	पिन कोड	
9.	वितरण करने वाले प्लांट का स्थान	
(क)	कमरा/ब्लॉक/फ्लैट संख्या	
(ख)	भवन का नाम	
(ग)	नगर पालिका	
(घ)	गली का नाम	
(ड़)	क्षेत्र /स्थान	
(च)	ग्राम/शहर/नगर/प्रखंड	
(छ)	जिला	
(ज)	राज्य	
(झ)	पिन कोड	
(ञ)	ई–मेल आई0 डी0	
(ट)	फोन संख्या	
(ठ)	फैक्स संख्या	
10.	सम्प्रेषण के लिए पता	
(क)	कमरा/ब्लॉक/फ्लैट नं०	
(ख)	भवन का नाम	
(ग)	नगर पालिका	
(घ)	गली का नाम	
(ड़)	क्षेत्र /स्थान	
(च)	ग्राम/शहर/नगर/प्रखंड	
(छ)	जिला	
(ज)	राज्य	
(झ)	पिन कोड	
(ञ)	ई–मेल आई0 डी0	
(ट)	फोन संख्या	
(ठ)	फैक्स संख्या	
11.	उत्पादन और/या वितरण स्थानों की सूची जिनके लिए निर्धारिती अनुज्ञप्ति धारित करता है।	
	अनुज्ञप्ति धारित का नाम	
	स्थान पूरा पता सहित	

	(यदि आवश्यक हो तो पंक्तियाँ जोड़े)	
12.	सामान्य रूप से संधारित लेखापुस्त	
13.	विगत वर्ष में उत्पादित कुल इकाईयाँ	
	अभ्युक्ति	
14.	स्वामी /भागीदारो/निदेशक/कर्त्ता /न्यासियों/शासी निकाय के सदस्यों / प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ताओं की विशिष्टियॉ	
	विवरण	
	पूरा नाम, माता–पिता और पता	

मैं घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में सत्य और पूर्ण है।

दिनांक– ..... **हस्ताक्षर**.....

स्थान– ..... **पदनाम**.....

<u>प्रपत्र–II</u>

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र।

(नियम 4 देखें)

राज्य कर .... का कार्यालय।

..... अंचल।

यह प्रमाणित किया जाता है कि निर्धारिती, जिसकी विशिष्टियॉ नीचे दी गई है, का रजिस्ट्रीकरण बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 2020 के नियम 4 के अधीन ..... (तिथि) को किया गया है। वह .....(तिथि) के प्रभाव से उपभोग के लिए उर्जा के वितरण और/या उर्जा के उपभोग के लिए शुल्क के भुगतान का दायी है :–

1. निर्धारिती का नाम–
2. व्यक्ति (प्रबंधन का प्रभारी) का नाम–
3. रजिस्ट्रीकरण संख्या–
4. व्यवसाय की प्रकृति–
5. उत्पादन/कैप्टिभ पावर प्लांट/वितरण प्लांट का स्थान–
6. कोषागार का नाम जहॉ शुल्क जमा किया जाना हो–

स्थान'– ..... हस्ताक्षर.....

तिथि– ..... पदनाम.....

कार्यालय का मुहर–

प्रपत्र–III

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अधीन चालान।

(नियम 7 देखें)

क्रम संख्या–.....

कोषागार–.....

बैंक का नाम–.....

शाखा कोड–.....

मुख्य शीर्ष :विद्युत शुल्क–.....

लघु शीर्ष –.....

बैंक में राशि भुगतान हेतु चालान–.....

माह/तिमाही/वर्ष–.....

अंचल का नाम जिससे भुगतान संबंधित हो–.....

किसके द्वारा दिया गया–.....

किसकी ओर से दिया गया–.....

रजिस्ट्रीकरण संख्या–.....

भुगतान का मद	**राशि**
• स्वीकृत शुल्क	
• निर्धारित /पुनर्निधारित शुल्क	
• ब्याज	
• शास्ति/जुर्माना	
• फीस	
• अपील फीस	
• पुनरीक्षण फीस	
• विविध	
कुल	

रूपये .....(शब्दों में)

अनुज्ञप्तिधारी / जमाकर्त्ता का हस्ताक्षर

प्रपत्र–IV

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा–18 के अधीन माँग की सूचना

(नियम 8 देखें)

संख्या–.....

तिथि–.....

राज्य कर .... का कार्यालय।

..... अंचल।

सेवा में,

.....

.....

चूँकि बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत निर्धारिती..... (बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अधीन निर्धारिती का नाम), रजिस्ट्रीकरण संख्या ..... द्वारा बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अधीन देय कर और/या लगाए गए अर्थदण्ड और/या चुकाए जाने वाले ब्याज मद में ..... रू0 की रकम देय है, जिसे उसने नहीं चुकाया है; और

चूँकि आपके पास उक्त व्यापारी का रूपया पावना है अथवा पावना हो सकता है, अथवा उक्त व्यापारी के लिए अथवा/उसकी ओर से आप रूपया धारित करते हैं अथवा आगे चलकर रूपया धारित कर सकते हैं;

इसलिए, बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 18 के अधीन एतद् द्वारा आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके पास उस व्यापारी का जो भी पावना हो या जो रकम आप धारित करते हों उसमें से ऊपर दिखाई गई बकाए की रकम आप सरकारी कोषागार/बैंक में ..... (तिथि) तक जमा कर दें।

आपसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि आगे चलकर उक्त व्यापारी का जो भी पावना आपके जिम्मे निकले उसमें से अब तक न चुकाई गई बकाए की रकम के बराबर रकम ज्यों ही आपके पास पावना हो जाए या आपके द्वारा धारित हो, त्यों ही उक्त सरकारी कोषागार/बैंक में जमा कर दें।

कृपया ध्यान रखें कि इस नोटिस के अनुपालन में आपके द्वारा किया गया कोई भुगतान, बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 18(3) के अधीन, व्यापारी द्वारा प्रदत्त प्राधिकार के अन्तर्गत किया गया भुगतान समझा जाएगा और सरकारी कोषागार/बैंक से जो रसीद मिलेगी, वह विनिर्दिष्ट रकम की सीमा तक, उक्त व्यापारी के प्रति आपके दायित्व के उन्मोचन का समुचित और पर्याप्त प्रमाण होगी।

कृपया इसका भी ध्यान रखें कि यदि आप इस नोटिस की तामील के बाद व्यापारी के किसी पावने का भुगतान उसे कर देंगे, तो उक्त अधिनियम की धारा 18(6) के अधीन आप व्यक्तिगत रूप से, इस प्रकार चुकाए गए पावने की सीमा तक अथवा शुल्क और/या शास्ति अथवा ब्याज के रूप में व्यापारी के दायित्व की सीमा तक इनमें से जो भी कम हो, राज्य सरकार को चुकाने के भागी होंगे।

कृपया यह भी ध्यान रखें कि इस नोटिस के मुताबिक आपसे जो धन–राशि चुकाने की अपेक्षा की गई है अथवा जिसके लिए आप व्यक्तिगत तौर पर राज्य सरकार के प्रति दायी हैं, जैसा कि ऊपर बताया गया है, उसका भुगतान यदि नहीं हुआ तो वह उक्त अधिनियम की धारा 18(5) के अधीन भू–राजस्व के बकाया के रूप में आप से वसूली जायेगी।

उक्त कोषागार/बैंक में सरकार के खाते में रूपया जमा करने के लिए आवश्यक चालान अनुलग्न है।

.....(व्यौहारी) को इस नोटिस की एक प्रति भेजी जाती है।

स्थान– ..... हस्ताक्षर.....

दिनांक– ..... पदनाम.....

कार्यालय का मुहर

ज्ञाप संख्या–..... तिथि–.....

राज्य कर ..... का कार्यालय, ...अंचल।

प्रतिलिपि– मेसर्स..... (व्यौहारी) को भेजी जाती है।

हस्ताक्षर

पदनाम

प्रपत्र–V

आपूरित विद्युत का यूनिट, उस पर वसूला गया और सरकार को संदत्त विद्युत शुल्क दर्शाने वाला मासिक रिटर्न।

[नियम 9(1) देंखे]

निर्धारिती का नाम :–
पता :–
रजिस्ट्रीकरण संख्या :–
माह :–
वर्ष :–

(राशि रूपये में)

क्रमांक	टैरिफ कोटि*	कोटि में उपभोक्ताओं की संख्या	कुल उपभोग चार्ज	धारा 3(2) के अधीन छूट प्राप्त उपभोग चार्ज	शुद्ध उपभोग चार्ज (4–5)	शुल्क की दर (प्रतिशत में)	शुद्ध शुल्क योग्य चार्ज पर विद्युत शुल्क (6 x 7)	धारा 6(7) एवं नियम 10 के अधीन रिबेट	रिबेट के बाद का राशि (8–9)	असंबंधित लेजर को अंतरित	असंबद्ध किये गये उपभोक्ताओं से वसूलियाँ	शुद्ध शुल्क (10–11+12)	कोषागार को संदत्त शुल्क की राशि का ब्यौरा	चालान संख्या एवं तिथि ब्यौरा	अभ्युक्ति यदि कोई हो
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**	**13**	**14**	**15**	**16**
कुल															

मैं घोषणा करता हूँ कि उपयुक्त विवरण/विशिष्टियाँ मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में पूर्ण और सत्य है।

टैरिफ कोटि*–

1 भाग क–आवासीय
2. भाग ख–वाणिज्यिक
3. भाग ग–कृषि
4. भाग घ–अस्थायी
5. भाग ड०–विज्ञापन एवं होर्डिंग
6. भाग च–औद्योगिक
7. भाग छ–मोनो एवं मेट्रो रेल।

दिनांक :– **हस्ताक्षर**

स्थान :– **प्रास्थिति**

प्रपत्र–V -क

आपूरित विद्युत का यूनिट, उस पर वसूल किया गया और सरकार को संदत्त विद्युत शुल्क दर्शाने वाला संशोधित मासिक रिटर्न।

[नियम 9(3) देंखे]

निर्धारिती का नाम :–
पता :–
रजिस्ट्रीकरण संख्या :–
माह :–
वर्ष :–
मूल मासिक रिटर्न दाखिला की तिथि :–

(राशि रूपये में)

क्रमांक	टैरिफ कोटि*	कोटि में उपभोक्ताओं की संख्या	कुल उपभोग चार्ज	धारा 3(2) के अधीन छूट प्राप्त उपभोग चार्ज	शुद्ध उपभोग चार्ज (4–5)	शुल्क की दर (प्रतिशत में)	शुद्ध शुल्क योग्य चार्ज पर विद्युत शुल्क (6 x 7)	धारा 6(7) एवं नियम 10 के अधीन रिबेट	रिबेट के बाद का राशि (8–9)	असंबंधित लेजर को अंतरित	असंबद्ध किये गये उपभोक्ताओं से वसूलियाँ	शुद्ध शुल्क (10–11+12)	कोषागार को संदत्त शुल्क की राशि का ब्यौरा	चालान संख्या एवं तिथि ब्यौरा	अभ्युक्ति यदि कोई हो
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
कुल															

मैं घोषणा करता हूँ कि उपयुक्त विवरण/विशिष्टियाँ मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में पूर्ण और सत्य है।

टैरिफ कोटि*–

1 भाग क–आवासीय
2. भाग ख–वाणिज्यिक
3. भाग ग–कृषि
4. भाग घ–अस्थायी
5. भाग ड०–विज्ञापन एवं होर्डिंग
6. भाग च–औद्योगिक
7. भाग छ–मोनो एवं मेट्रो रेल।

दिनांक :– **हस्ताक्षर**

स्थान :– **प्रास्थिति**

<u>प्रपत्र– VI</u>

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत सुनवाई की सूचना

(नियम 11 देखे)

संख्या–.....

तिथि–.....

राज्य कर .... का कार्यालय।

..... अंचल।

सेवा में,

.....

.....

रजिस्ट्रीकरण संख्या –

पता –
(प्रपत्र–I में अद्यतन जानकारी के अनुसार पता निर्दिष्ट करें)

ई–मेल पता –

(क) चूँकि आपकी उपस्थिति अथवा साक्ष्य के उपस्थापन की अपेक्षा किए बिना मेरा समाधान नहीं होता है कि नीचे वर्णित कालावधि के लिए आपके द्वारा दाखिल किया गया रिर्टन शुद्ध और पूर्ण हैं, इसलिए मैं एतद् द्वारा आपसे व्यक्तिगत रूप से बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 11 की उपधारा (2) के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित स्थान और समय पर वैसे साक्ष्य, जिस पर उस रिटर्न के समर्थन में आप निर्भर हों, प्रस्तुत करने या करवाने की अपेक्षा करता हूँ।

(ख) चूँकि आपने नीचे वर्णित अवधि के लिए रिटर्न दाखिल नहीं किया है, मैं बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 11 की उपधारा (4) के प्रावधानों के अनुसार उक्त अवधि के लिए देय शुल्क के निर्धारण की इच्छा करता हूँ। तदनुसार एतद् द्वारा इस मामले में आपको निम्नलिखित स्थान और समय पर सुनवाई का अवसर दिया जाता है।

(ग) जहाँ तक जानकारी जो मुझे प्राप्त हुई है, उससे मेरा समाधान हो गया है कि आप शुल्क भुगतान के दायी हैं किन्तु फिर भी आप रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन देने में जानबूझकर विफल रहे हैं, मैं बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 11 की उपधारा (4) के प्रावधानों के अनुसार उक्त अवधि के लिए देय शुल्क के निर्धारण की इच्छा करता हूँ। तदनुसार एतद् द्वारा इस मामले में आपको निम्नलिखित स्थान और समय पर सुनवाई का अवसर दिया जाता है।

संदर्भित अवधि.....

प्राधिकार जिसके समक्ष उपस्थित होना है.....

सुनवाई का स्थान .....

सुनवाई की तिथि.....

सुनवाई का समय .....

प्रस्तुत करने हेतु अपेक्षित साक्ष्य .....

1. बिहार विद्युत शुल्क नियमावली, 2018 की धारा 7 के अधीन संधारित लेखा पुस्त।

2. सत्यापित होने वाले अपेक्षित रिटर्न से संबंधित और उसके समर्थन में सभी अन्य दस्तावेज या संदर्भित अवधि के दौरान आपके द्वारा किये गये संव्यवहार।

3. .....(प्रस्तुत किये जाने के लिये अपेक्षित कोई अन्य कागजात एवं दस्तावेज यहाँ निर्दिष्ट करें।)

(मुहर) हस्ताक्षर .....

तिथि पदनाम .....

<u>प्रपत्र– VII</u>
बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 के अधीन मांग की सूचना
(नियम 12 देखे)

संख्या–..............................

तिथि–................................

राज्य कर .... का कार्यालय।

.... अंचल।

सेवा में,

....

....

निर्धारिती का नाम –

रजिस्ट्रीकरण संख्या –

पता –

(प्रपत्र–I में अद्यतन जानकारी के अनुसार पता निर्दिष्ट करें)

ई–मेल पता –

कृपया ध्यान दें कि चूँकि *नीचे विनिर्दिष्ट अवधि के संबंध में आपके निर्धारण की कार्यवाही पूरी हो चुकी है *या नीचे विनिर्दिष्ट अवधि के संबंध में अपील/पुनरीक्षण का निष्पादन किया जा चुका है, तदनुसार एतद् द्वारा आपको निम्नलिखित राशि सरकारी कोषागार में जमा करने हेतु निदेशित किया जाता है।

1. निष्पादन की तिथि ....
2. कार्यवाही की प्रकृति (निर्धारण/अपील/रिवीजन)
3. संदर्भित अवधि ....
4. मांग की राशि– रूपये ....

घटायें भुगतान की गई राशि– रूपये ....

शुद्ध माँग/अधिकाई– रूपये ....

(शब्दो में)...

5. भुगतान की अंतिम तिथि–

नोट :– नियत तिथि के बाद, व्यतिक्रम पर, राशि भू–राजस्व के बकाए के रूप में वसूल की जाएगी

तिथि .... हस्ताक्षर ....

पदनाम ....

*जो लागू नहीं हो उसे काट दे।

प्रपत्र– VIII

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा 11 के अधीन अपील ज्ञापन
(नियम 13 (1) देखें)

सेवा में,

राज्य कर .....(अपील)
....प्रमण्डल

मैं..... (पूरा नाम), पुत्र ..... (पूरा नाम), ... द्वारा पारित आदेश दिनांक ..... के विरूद्ध एतद् द्वारा यह अपील दायर करता हूँ और इस प्रयोजनार्थ निम्नलिखित ब्यौरे पेश करता हूँ–

1. फर्म का नाम और अधिनाम .....
2. रजिस्ट्रीकरण संख्या .....
3. पता, जिसके नाम से सूचना सामान्य रूप से प्रेषित की जानी चाहिए.....

(क) मोहल्ला/सड़क

(ख) ग्राम/शहर (ग) डाकघर.....

(घ) पुलिस थाना..... (ड़) अनुमण्डल .....

(च) जिला ..... (छ) पिन कोड.....

(ज) ई–मेल पता ..... (झ) टेलिफोन नं०.....

(4) अवधि जिससे अपील का संबंध हो .....

(5) मांग नोटिस तामीला की तिथि .....

(6) टर्नओवर और निर्धारित शुल्क का ब्यौरा

(केवल पुनर्निधारण के विरूद्ध दायर अपील के मामले में उपलब्ध कराया जाएगा)

विशिष्टियाँ	करनिर्धारण प्राधिकार द्वारा यथा निर्धारित	अपीलार्थी द्वारा यथा स्वीकृत
1	2	3
(क) कुल टर्नओवर		
(ख) शुल्क योग्य टर्नओवर		
(ग) निर्धारित या पुनर्निधारित शुल्क की कुल राशि		
(घ) धारा जिसके अधीन निर्धारण या पुनर्निधारण किया गया		

7. अधिरोपित शास्ति की राशि, यदि कोई हो, और धारा जिसके अधीन वह अधिरोपित की गई हो––––––––––––––––।
8. किए गये भुगतान का ब्यौरा –

चालान संख्या	तिथि	राशि
1.	.....	.....
2.	.....	.....

9. विवादित राशि

(क) शुल्क, रूपये ..... (ख) शास्ति, रूपये .....

(ग) ब्याज, रूपये ..... (घ) कुल रूपये .....

10. कागजातों की सूची एवं दाखिल किये गए दस्तावेज

(क) जिस आदेश की विरूद्ध अपील की गई हो उसकी सत्यापित प्रति तथा उसके साथ माँग पत्र की प्रतिः–

(ख) इस ज्ञापन की दो अतिरिक्त प्रतियाँ,

(ग) .....

(घ) .....

(ड़) .....

(च) .....

11. मामले की तथ्य विवरणी और प्रार्थना

(क) मामले के तथ्य निम्नलिखित हैंः–

.....

.....

(ख) विवादित मुद्दे निम्नलिखित हैंः–

.....

.....

(ग) अपील के बिन्दु निम्नलिखित हैंः–

.....

.....

(घ) मांगी गई राहत निम्नलिखित हैंः–

.....

.....

सत्यापन

मै एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में उपर्युक्त ब्यौरे एवं विवरण सही और पूर्ण हैं।

स्थान..... हस्ताक्षर

तिथि ..... प्रास्थिति .....

पावती

दिनांक .....को अवधि .....के लिए .....से प्रपत्र VIII में अपील ज्ञापन, इसके मद सं० 10 में विनिर्दिष्ट कागजातों और दस्तावेजों के साथ/के बिना प्राप्त किया।

आवंटित अपील संख्या ..... वर्ष ..... है।

प्राप्तकर्त्ता प्राधिकारी का हस्ताक्षर

पदनाम

प्रपत्र–IX

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा–12 के अधीन पुनरीक्षण हेतु आवेदन

(नियम 13(1) देखें)

वाणिज्य–कर न्यायाधिकरण, बिहार, पटना के समक्ष।

मैं................................... (पूरा नाम), पुत्र .... (पूरा नाम), एतद् द्वारा दिनांक.................. को .... द्वारा पारित आदेश के पुनरीक्षण हेतु आवेदन दाखिल करता हूँ और इस प्रयोजनार्थ निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करता हूँ–

1. फर्म का नाम और अधिनाम ....
2. रजिस्ट्रीकरण संख्या ....
3. निर्धारिती, जिसके नाम से सूचना सामान्य रूप से प्रेषित की जानी चाहिए –
   (क) मोहल्ला/सड़क......................
   (ख) ग्राम/शहर .... (ग) डाकघर............................
   (घ) पुलिस थाना............................... (ड़) अनुमण्डल ....
   (च) जिला .... (छ) पिन कोड.........................
   (ज) ई–मेल पता .... (झ) टेलिफोन नं०......................

(4) अवधि जिससे आवेदन का संबंध हो ....

(5) टर्नओवर और निर्धारित शुल्क का ब्यौरा ....

(केवल निर्धारण/पुनर्निधारण के विरूद्ध पुनरीक्षण हेतु दाखिल आवेदन के मामले में उपलब्ध कराया जाएगा)

विशिष्टियाँ	आवेदक द्वारा यथा स्वीकृत	कर निर्धारण प्राधिकार द्वारा यथा निर्धारित	अपील या पुनरीक्षण में यथा निर्धारित
1	2	3	4
(क) कुल टर्नओवर			
(ख) शुल्क योग्य टर्नओवर			
(ग) निर्धारित या पुनर्निधारित शुल्क की कुल राशि			
(घ) धारा जिसके अधीन पुनर्निधारण किया गया			

6. अधिरोपित शास्ति की राशि, यदि कोई हो एवं धारा जिसके अधीन वह अधिरोपित की गई हो
————————————————————————————————————

7. किए गये भुगतान का ब्यौरा :–

चालान संख्या	तिथि	राशि
1.	....	....
2.	....	....

8. विवादित राशि

(क) शुल्क, रूपये .... (ख) शास्ति, रूपये ....

(ग) ब्याज, रूपये .... (घ) कुल रूपये ....

9. दाखिल किये गये कागजातों एवं दस्तावेजों की सूची:–
   (क) इस आवेदन के साथ भुगतेय फी जमा दर्शाने वाला चालान संख्या–.............. तिथि–.................................
   (ख) जिस अपीलीय/पुनरीक्षण आदेश के विरूद्ध आवदेन दिया गया हो उस आदेश की सत्यापित प्रति।

(ग) मूल चरण, अपीलीय चरण तथा पूर्ववर्त्ती पुनरीक्षण चरण या चरणों में अंतिम आदेशों की सत्य टंकित प्रतियॉ, यदि कोई हो।

(घ) इस आवेदन की दो अतिरिक्त प्रतियॉ।

10. मामले की तथ्य विवरणी एवं प्रार्थनाः–

(क) मामले के तथ्य निम्नलिखित हैं :–

.....

.....

....

(ख) विवादित मुद्दे निम्नवत् हैं :–

.....

.....

....

(ग) पुनरीक्षण का आधार निम्नवत् हैः–

.....

.....

....

(घ) मांगी गई राहत निम्नवत् है :–

.....

.....

....

सत्यापन

मै एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में उपर्युक्त ब्यौरे एवं विवरण सही और पूर्ण हैं।

स्थान– आवेदक का हस्ताक्षर

तिथि– प्रास्थिति–.....

पावती

दिनांक .....को अवधि .....के लिए .....से प्रपत्र IX में पुनरीक्षण आवेदन, इसके मद सं० 9 में विनिर्दिष्ट कागजातों और दस्तावेजों के साथ/के बिना प्राप्त किया।

आवंटित पुनरीक्षण संख्या ..... वर्ष ..... है।

प्राप्तकर्त्ता प्राधिकारी का हस्ताक्षर
पदनाम

प्रपत्र–X

बिहार विद्युत शुल्क अधिनियम, 2018 की धारा–13 के अधीन पुनरीक्षण की सूचना

(नियम 15 देखें)

संख्या–.....

तिथि–.....

राज्य कर आयुक्त, बिहार, पटना का कार्यालय।

सेवा में,

मेसर्स.....

.....

चूंकि यह विश्वास करने का कारण है कि नीचे उल्लेखित मामले में पारित आदेश प्रथम द्रष्टया गलत प्रतीत होता है, इसलिए एतद् द्वारा आपको निम्नलिखित तिथि, समय और स्थान पर कारण दर्शाने का अवसर दिया जाता है कि क्यों नही उक्त आदेश का पुनरीक्षण किया जाय।

संदर्भित मामला–.....

.....

...

संदर्भित अवधि–.....

.....

...

तिथि–..... हस्ताक्षर–.....

समय–..... पदनाम–.....

स्थान–..... कार्यालय का मुहर–

प्रपत्र – XI

संदत्त अधिक शुल्क के समायोजन/प्रतिदाय का आदेश।

(नियम 17 देखें)

बुक संख्या –

क्रम संख्या–

अंचल का नाम –

सेवा में,

नाम– .....
पूरा पता – .....
रजिस्ट्रीकरण संख्या – .....

विषयः– शुल्क समायोजन/प्रतिदाय।

चूँकि आपके द्वारा जमा किये गये रू०..... की राशि का सत्यापन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया है और चूँकि यह पाया गया है कि संलग्न कर निर्धारण आदेश के अनुसार अधिक भुगतान के रूप में रूपये ..... राशि का दावा किया गया है, इसलिए

(क) एतद् द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि उक्त राशि का समायोजन आपके द्वारा आगामी माहों में दिए जाने वाले शुल्क मद्दे किया जाएगा। आप इस आदेश की प्रति सम्यक् रूप से संलग्न करते हुए आगामी माहों के लिए अपना रिटर्न दाखिल करते समय उक्त राशि की कटौती कर सकते है।

(ख) रूपये ..... की राशि इस कार्यालय के पत्रांक..... दिनांक ..... द्वारा चेक संख्या ..... दिनांक .....संलग्न करते हुए आपके प्रतिष्ठापन, जिसका ब्यौरा उपर है, से शुल्क के अंतिम निपटारा के रूप में आपको वापस की जाती है।

स्थान.....

तिथि .....

हस्ताक्षर

नाम .....

पदनाम .....

संलग्नः– निर्धारण आदेश की प्रति।

प्रपत्र–XII

(नियम 22 का उपनियम (1) देखे)

उद्देश्य, जिसके लिए विद्युत की खपत हुई है:

उपभोक्ता का नाम जिसे विद्युत आपूर्ति की जाती है.....

.

पता–.....

..

आर० आर० संख्या–.....

उर्जा मीटर : मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

..

सी०टी०: मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

.

पी०टी० : मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

.

प्रति यूनिट शुल्क दर.....

.....

क्रमांक	माह एवं वर्ष	उर्जा मीटर रीडिंग	उपभोग	आरंभिक शेष		मांग		योग		संग्रहण		अंतिम शेष		भुगतान नही करने पर असंबद्ध की तिथि के साथ अभ्युक्ति।
				विद्युत चार्ज	शुल्क	विद्युत चार्ज	शुल्क	विद्युत चार्ज	शुल्क	विद्युत चार्ज	शुल्क	विद्युत चार्ज	शुल्क	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	अप्रील													
2	मई													
3	जून													
4	जुलाई													
5	अगस्त													
6	सितम्बर													
7	अक्टूबर													
8	नवम्बर													
9	दिसम्बर													
10	जनवरी													
11	फरवरी													
12	मार्च													

प्रपत्र–XIII

(नियम 22 का उपनियम (2) देंखे)

उत्पादन का स्थान–.....

उत्पादन/प्रतिष्ठापित जेनरेटर के नेम प्लेट का ब्यौरा–.....

उर्जा मीटरः मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

सी०टी०: मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

पी०टी० : मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

नोट–.....

(1) उत्पादन–

क्रमांक	माह	जेनरेटर–1		जेनरेटर–2		जेनरेटर–3		उत्पादित कुल यूनिट	
		उर्जा मीटर रीडिंग	उत्पादित यूनिट	उर्जा मीटर रीडिंग	उत्पादित यूनिट	उर्जा मीटर रीडिंग	उत्पादित यूनिट	कुल उत्पादित (4+6+8.....)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1									
2									
3									

नोट :– अंतिम माह और वर्त्तमान माह के बीच के पठन में अंतर उस माह का कुल उत्पादन होगा।

(2) सहायक उपभोगः

उर्जा मीटरः मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

सी०टी०: मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

पी०टी० : मेक, कैपेसिटी, वर्ग, क्रमांक–.....

क्रमांक	माह	जेनरेटर–1		जेनरेटर–2		जेनरेटर–3		उत्पादित कुल यूनिट	शुल्क/यूनिट दर	भुगतेय शुल्क	संदत्त शुल्क	भुगतान का ब्यौरा	अभ्युक्ति
		उर्जा मीटर यूनिट	उपभुक्त यूनिट	उर्जा मीटर रीडिंग	उपभुक्त यूनिट	उर्जा मीटर रीडिंग	उपभुक्त यूनिट	कुल उत्पादित (4+6+8....)	अभ्युक्ति				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1													
2													
3													

[(सं०सं० बिक्री–कर/विविध–35/2018–1652]
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
डॉ० प्रतिमा,
राज्य कर आयुक्त–सह–सचिव।

11 सितम्बर 2020

एस०ओ० 164, दिनांक 11 सितम्बर 2020 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार–राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन अंग्रेजी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

[(सं०सं० बिक्री–कर/विविध–35/2018–1652]
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
डॉ० प्रतिमा,
राज्य कर आयुक्त–सह–सचिव।

The 11th September 2020

S.O 164 dated 11th September 2020—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 22 of the Bihar Electricity Duty Act, 2018 (Bihar Act 04 of 2018), the Governor of Bihar, is pleased to make the following rules, namely:-

1. ***Title, extent and Commencement*** .—

(1) These rules may be called the Bihar Electricity Duty Rules, 2020.

(2) It shall extend to whole state of Bihar.

(3) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. ***Definitions***.–*(1) In these rules, unless, there is anything repugnant to the subject or context –*

(a) "***The Act***" means the Bihar Electricity Duty Act, 2018;

(b) "***Assessee***" means a licensee or any other person who is liable to pay duty under the Act and includes a "dealer" specified in sections 12, 13, 14 and 15 of the Act;

(c) "***Assessing officer***" includes an officer under sub-section (1) of Section 8 of the Act;

(d) "Circle means a unit of Commercial Taxes administration created under the relevant provisions of Commercial Taxes Law or Goods and Services Tax Law of the State of Bihar for the time being in force;

(e) "***Duty***" means electricity duty payable under the Bihar Electricity Duty Act, 2018 and any reference to "tax" in the Explanation to sub-section (2) of section 12 or in the proviso to section 14 of the said Act shall be construed as a reference to "duty";

(f) "***Form***" means a Form appended to these rules;

(g) "***Government Treasury***", in relation to an assessee, means the Treasury or sub-treasury specified in the certificate of registration granted to him under rule 4;

(h) '***Inspecting Authority***' includes an Officer under sub-section (1) of Section8 of the Act;

(i) "***Meter***" means an appliance or apparatus used for measuring the quantum of energy consumed;

(j) '***Section***' means section of the Act.

(2) all other words and expressions used but not defined in these rules shall have the same meaning assigned to them in the Act or Indian Electricity Act, 2003 and Rules framed thereunder.

3. ***Application for registration***.—

(1) Every person liable to pay duty in accordance with the provisions of section 6 shall be granted a certificate of registration in the manner here in after provided.

Explanation.-For the purposes of this sub-rule, the expression "person" shall not include a person who, on the date of publication of these rules, was registered in accordance with the provisions of Chapter II of the Bihar Electricity Duty Rules, 1949.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), every person holding a valid certificate of registration, granted under rule 4 of the Bihar Electricity Duty Rules, 1949, on the date of publication of these rules shall be deemed to be registered for the purposes of the Act.

